Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 22-12-2005

Participants : Argal Shri Ashok

>

Title : Regarding need to construct a foot over bridge/under bridge at the railway crossing in Morena city, Madhya Pradesh.

श्री अशोक अर्गल (मुरैना) : सभापति जी, उत्तर मध्य रेलवे के अंतर्गत मुरैना शहर के मध्य रेलवे क्रासिंग है, जिसे रेलवे द्वारा पूरी तरह बंद कर दिया गया है जिसके कारण स्थानीय नागरिकों, छात्रों, छात्राओं, बच्चों को महाविद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय, पोलिटेक्निक कॉलेज तथा रिक्शे वाले, हाथ ठेले वाले मजदूरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे क्रासिंग से गुजरने के तौरान कई लोगों की रेल से कटकर मौत हो चुकी है, इस संबंध में लम्बे समय से फुट ब्रिज या पुल बनाने की मांग हो रही है लेकिन अभी तक उत्तर मध्य रेल प्रशासन ने इस गंभीर समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दिया है।

अतः मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि उक्त स्थान पर स्थित रेल फाटक को जनहित में खोल दिया जाए या सरकार प्राथमिकता के आधार पर फुट ब्रिज या अंडर ब्रिज बनाने का आदेश प्रदान करे।